प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0

13.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज कुल्लू जिले में बंजार उपमंडल के अग्निकांड प्रभावित तान्दी गांव का दौरा करेंगे। इस दौरान वे प्रभावितों से मिलेंगे व राहत कार्यों की समीक्षा करेंगें। नववर्ष के पहले ही दिन तांदी गांव में भयंकर अग्निकांड हुआ था जिसमें 17 के लगभग रिहायशी मकान जलकर राख हो गए थे और करोड़ों रुपए की संपत्ति का नुक्सान हुआ था।

एचआरटीसी

राजधानी शिमला के पुराने बस अडडे की सुरंग में अब हिमाचल पथ परिवहन निगम का इतिहास यहां से गुजरने वाले लोगों व पर्यटकों को देखने को मिलेगा। इस सुरंग के सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। इस कार्य को शिमला के हिम चटर्जी ने डिजाइन किया है जबकि सौंदर्यीकरण के कार्य को ऊना के सुनील कुमार सूरी ने पूर्ण किया है। खास बात यह है कि सुरंग में सबसे पुरानी बस से लेकर निगम की इलैक्ट्रिक बस की पेंटिंग देखने को मिलेगी। निगम के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर ने बताया कि सुरंग में एक तरफ बसों के मॉडल दिखाए गए हैं जबकि दूसरी तरफ यात्रियों की उम्मीदों को दर्शाया गया है।

बाली

राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 20 फीसदी का सुधार हुआ है और आने वाले समय में इसके सुखद परिणाम सामने आएंगे। नगरोटा बगवां में लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान उन्होंने कहा कि कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने के लिए 3 हज़ार करोड़ रूपए की राशि खर्च की जा रही है।

लोहड़ी

फसलों का त्यौहार लोहड़ी आज विशेष रूप से उत्तर भारत के राज्यों पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, जम्मू और चंडीगढ़ में मनाया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा इस रिपोर्ट में

————डिस्पेच————

लोहड़ी का पर्व सर्दियों की लंबी रातों के खत्म होने और गर्मियों के लंबे दिनों का स्वागत करती है, क्योंकि सूर्य आज से उत्तरी गोलार्ध की ओर अपनी यात्रा शुरू करता है। लोहड़ी से जुड़ी सबसे प्रचलित परंपरा अलाव जलाने की रही है, जो बुरी शक्तियों के नष्ट होने और सौभाग्य के आगमन का प्रतीक है। यह त्योहार ज्यादातर फसलों की कटाई और खुशी से जुड़ा हुआ है। लोहड़ी पर्व पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने भी लोहड़ी पर्व की बधाई दी है।

**प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं प्रियंका ठाकुर**

<u>मौसम</u>

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत साफ मौसम के साथ हुई है। हालांकि पिछले दिनों प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हिमपात व कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा से तापमान में गिरावट के चलते लोगों को कड़ाके की ठंड से जूझना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है।

<u>13.01.2025 / 09:20 / विनोद कुमार / संजय</u>

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज अधिकतर अखबारों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के बयान को प्रमुखता दी है। **पंजाब केसरी, दैनिक जागरण व दिव्य हिमाचल** की एक जैसी सुर्खी है **शिक्षा के क्षेत्र में होंगे बड़े बदलाव–तीन निदेशालय बनाने पर विचार।** जबकि **अमर उजाला और आपका फैसला** का शीर्षक है **अब स्नातक स्तर के लिए बनेगा अलग निदेशालय।**

मौसम पर **दैनिक भास्कर** की सुर्खी है **लोहड़ी व मकर संक्राति से पहले बर्फबारी का तोहफा आज और कल साफ रहेगा मौसम।**